# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 04 सितंबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

## Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान पुलिस द्वारा सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा कब शुरू किया गया है?

(A) 1 सितम्बर 2025
(B) 31 अगस्त 2025
(C) 15 अगस्त 2025
(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान में सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है
- राजस्थान पुलिस द्वारा द्वारा इसका आयोजन- 1 से 15 सितंबर 2025 तक किया जाएगा
- इस पखवाड़े के तहत सुरक्षा सखियां घर-घर जाकर महिलाओं को सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारो के बारे में जानकारी देगी।
- इस संवाद पखवाड़ा का उद्देश्य राज्य में महिला और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करना है।
- राजस्थान पुलिस के डीजीपी- राजीव शर्मा

## Yesterday Revision

⭕. हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के किस सदस्य ने इस्तीफा दिया है?:- डॉ मंजु शर्मा

⭕. राजस्थान की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र 1 सितंबर 2025 से शुरू हुआ, पिछले तीन सत्रों में कुल कितनी बैठके हुई?:- 54 बैठके

⭕. राजस्थान में किसके द्वारा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के एक वर्ष के कार्यकाल की पुस्तक 'अभ्युदय की ओर' का लोकार्पण किया गया?:- सोमती देवी

⭕. राजस्थान के किस जिले में मिस टीन इंटरनेशनल 2025 का आयोजन किया गया?:-जयपुर

⭕. हाल ही में कोटा में सम्पन्न हुई 8वीं राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता किसने जीती है?:- बीकानेर

⭕. हाल ही में पहली बार जयपुर के रामगढ़ बांध पर ड्रोन से कृत्रिम बरसात का पहला सफल प्रयोग कब किया गया?:- 1 सितम्बर को

⭕. नवम्बर में टोक्यो में होने वाले 25वें समर डेफ ओलंपिक्स गेम्स में राजस्थान के कितने खिलाड़ी हिस्सा लेंगे?:- 7

⭕. हाल ही में राजस्थान गौरव सम्मान समारोह का आयोजन कहां किया गया?:- जयपुर

01. राजस्थान सरकार द्वारा कब से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन 'गांव चलो अभियान' संचालित किया जाएगा?

(A) 15 सितम्बर से

(B) 17 सितम्बर से

(C) 18 सितम्बर से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राज्य सरकार द्वारा 18 सितम्बर से प्रदेशभर में सप्ताह में तीन दिन 'गांव चलो अभियान' संचालित किया जाएगा,जिसमें ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।
- यह अभियान हर पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों में सप्ताह में तीन दिन चलेगा।
- इस अभियान के तहत ग्रामीणों के सीमाज्ञान, सहमति विभाजन आदि लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाएगा
- सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन, स्वास्थ्य शिविर, विद्यालय इत्यादि के मरम्मत कार्य, बीज मिनी कीट वितरण आदि कार्य होंगे।
- साथ ही, प्रदेशभर में 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सहकार सदस्यता अभियान भी संचालित किया जाएगा

02. हाल ही में भारत सरकार ने किस स्वतंत्रता सेनानी और जैन आचार्य पर स्मारक डाक टिकट और स्मारक चतुर्थांश सिक्का जारी किया जाएगा?

(a) आचार्यश्री डालचंद जैन

(b) स्वतंत्रता सेनानी गोपीलाल जैन

(c) आचार्यश्री जवाहरलाल महाराज

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- स्वतंत्रता सेनानी और जैन आचार्यश्री जवाहरलाल महाराज पर भारत सरकार के संचार मंत्रालय ने स्मारक डाक टिकट एवं वित्त मंत्रालय ने स्मारक चतुर्थांश सिक्का जारी करने की स्वीकृति जारी की है।
- समाज सुधारक और राष्ट्रीय व्यक्तित्व पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट उनके 150वें जयंती वर्ष में जारी किया जाएगा।
- बीकानेर में आचार्य के नाम पर जवाहर विद्या पीठ स्थापित है। इसमें जैन संतों के प्रवचन होते रहते हैं।
- वित्त मंत्रालय ने सिक्के के लिए गजट अधिसूचना जारी की
- जसकरण बोथरा फाउंडेशन की ओर से मुंबई में सिक्का व डाक टिकट विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे

03. राजस्थान सरकार ने हाड़ौती के किस मसाले को विशिष्ट पहचान दिलाने GI टैगिंग के लिए नाम भेजा है?

(A) हल्दी

(B) लाल मिर्च

(C) धनिया

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में उत्पादन का 95% धनिया कोटा संभाग में होता है। इसके बावजूद यहां के किसानों और व्यापारियों को पूरा लाभ नहीं मिल रहा।
- अब प्रदेश सरकार हाड़ौती के धनिये को विशिष्ट पहचान दिलाने जा रही है। सरकार ने जीआई टैगिंग के लिए नाम भेजा है।
- एक जिला-एक उत्पाद योजना में कृषि यूनिवर्सिटी से प्रस्ताव मांगा था। यूनिवर्सिटी ने धनिये का सुझाव दिया। अच्छी बात यह कि इसका नाम प्रदेशस्तरीय समिति ने भी संबंधित एजेंसी को दिया है।
- कोटा संभाग में 400 से अधिक धनिए की इंडस्ट्री है, पहचान मिलने से नई इंडस्ट्री आएगी। नए उत्पाद तैयार होंगे।

04. राजस्थान में सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर चल रहा कौनसा अभियान" देश का सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित अभियान बन गया है?

(A) सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान

(B) सुरक्षित सड़क मार्ग अभियान

(C) सुरक्षित यात्रा अभियान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में सड़क सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर चल रहा "सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान" देश का सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित अभियान बन गया है। 11 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 15 सितंबर तक चलेगा।
- इसमें 19 जिलों के करीब 2.5 लाख विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जो अब सड़क सुरक्षा एंबेसडर बनकर सड़कें जांचेंगे, यातायात नियमों की निगरानी करेंगे और समाज में जागरूकता फैलाएंगे।
- इंडिया एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने घोषणा की कि लोक निर्माण विभाग, जयपुर को सबसे बड़ा युवा नेतृत्वित सड़क सुरक्षा अभियान एवं सुरक्षित सड़क कॉरिडोर विकास के लिए रिकॉर्ड दर्ज किया गया है।

05. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में "डिजाइन इंडिया इंटीरियर एक्सपो 2025" आयोजन किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में 29 अगस्त, 2025 से चार दिवसीय 'डिजाइन इंडिया इंटीरियर एक्सपो 2025' का छठा संस्करण शुरू हुआ।
- यह राजस्थान का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन, डिजाइन और डेकोर शो है।
- यह एक्सपो आर्किटेक्ट, डिज़ाइनर और डेवलपर के लिए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम था, जो उद्योग की वर्तमान मांगों और रुझानों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।

06. हाल में कजाखस्तान के शिमकेंट शहर में सम्पन्न हुई 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के निशानेबाजों ने कुल कितने स्वर्ण पदक जीतें है?

(A) 25 गोल्ड

(B) 13 गोल्ड

(C) 09 गोल्ड

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हाल में कजाखस्तान के शिमकेंट शहर में सम्पन्न हुई 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के निशानेबाज शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 गोल्ड सहित कुल 25 पदक जीतने में सफल रहे।
- इनमें सबसे सफल रहे पिस्टल शूटर अभिनव चौधरी। अभिनव ने तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।
- अनुष्का सिंह भाटी और गिरीश गुप्ता ने दो-दो गोल्ड जीते। इस तरह राजस्थान के निशानेबाजों ने देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।
- कजाखस्तान के शिमकेंट शहर में हुई 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप 16 से 30 अगस्त 2025 तक आयोजित हुई थी

**07. राजस्थान के किस एयरपोर्ट को ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 2025 में देश में पहला स्थान मिला है.?**

(a) किशनगढ़ एयरपोर्ट

(b) जोधपुर एयरपोर्ट

(c) उदयपुर एयरपोर्ट

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ उदयपुर के एयरपोर्ट को ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 2025 में देश में पहला स्थान मिला है. उदयपुर ने एक साल के अंतराल के बाद फिर से यह उपलब्धि हासिल की है.

♦यह सर्वे देश के छोटे हवाई अड्डों के बारे में कराया जाता है जहां 20 लाख से कम यात्री आवागमन करते हैं. इस बार ऐसे 60 नॉन-मेट्रो एयरपोर्ट में उदयपुर का महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहले नंबर पर रहा.

♦उदयपुर के अलावा मध्य प्रदेश और खजुराहो के भी एयरपोर्ट संयुक्त रूप से पहले नंबर पर रहे.

♦एयरपोर्ट के बारे में यह सर्वेक्षण 33 मापदंडों के आधार पर किया जाता है

08. राजस्थान की किस हवेली को सतत नेतृत्व विरासत संरक्षण श्रेणी में गोल्ड विजेता घोषित किया गया?

(A) शाहपुरा हवेली

(B) पटलों की हवेली

(C) नाथु जी की हवेली

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री श्रीमती दिया कुमारी की उपस्थिति में "आउटलुक इंडियन रिस्पांसिबल टूरिज्म स्टेट अवार्ड्स 2025" के तीसरे संस्करण का आयोजन जयपुर में हुआ

♦शाहपुरा हवेली को सतत नेतृत्व विरासत संरक्षण श्रेणी में गोल्ड विजेता घोषित किया गया

♦अधिराज शाहपुरा को प्रमुख सचिव पर्यटन राजेश यादव और पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार ने पुरस्कार दिया।

09. हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के CEO का पदभार किसने ग्रहण किया?

(A) रजत सिन्हा

(B) रजित पुन्हानी

(C) अजीत कुमार

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- 1991 बैच के IAS अधिकारी रजित पुन्हानी ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के CEO का पदभार ग्रहण किया।
- उनके पास सार्वजनिक वित्त, स्वास्थ्य और शासन जैसे क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है।
- उल्लेखनीय पूर्व भूमिकाओं में कौशल विकास मंत्रालय के सचिव और संसद टीवी के CEO शामिल हैं।
- उनके प्रमुख योगदानों में 45 करोड़ श्रमिकों के लिए पेंशन योजना शुरू करना और मातृ स्वास्थ्य पहलों का नेतृत्व करना शामिल है।

**10. हाल ही में भारत का पहला भारत निर्मित 32-बिट प्रोसेसर कौनसा है?**



(A) BHARAT-32

(B) इंडो-32

(C) विक्रम-32

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- सेमीकॉन इंडिया'25 में भारत ने पहला भारत निर्मित 32-बिट प्रोसेसर पेश किया
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सेमीकॉन इंडिया 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को भारत का पहला भारत निर्मित 32-बिट प्रोसेसर, विक्रम-32, भेंट किया।
- ISRO की सेमीकंडक्टर लैब द्वारा विकसित, यह प्रोसेसर अंतरिक्ष अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें उन्नत फ्लोटिंग-पॉइंट कंप्यूटेशन की सुविधा है।
- यह उपलब्धि भारत की सेमीकंडक्टर क्षमताओं को मज़बूत करती है और आयातित चिप्स पर निर्भरता को कम करती है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के किस सदस्य ने इस्तीफा दिया है?**

(A) डॉ संगीता आर्या
(B) केसरी सिंह राठौड़
(C) डॉ मंजु शर्मा
(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine